दूरभाष सं0 05852-223112
eehardoi@yahoo.com
अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
बी-192, आवास विकास कालोनी, हरदोई।

पत्रांक : 3575 / वि-3 / 25 दिनांक 21 / 6 / 2026

सेवा में,

अधीशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः-** **दिनांक 08/06/2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर** "हरदोई के सांडी में पेयजल संकट गहराया:करोड़ों की जल जीवन मिशन योजना से भी नहीं मिल रहा ग्रामीणों को पानी" **शीर्षक से टैग की गयी खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 08/06/2026 को दैनिक भाष्कर (वेब पोर्टल) द्वारा "हरदोई में जल जीवन मिशन की विकास खण्ड साण्डी की दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "हरदोई के सांडी में पेयजल संकट गहराया:करोड़ों की जल जीवन मिशन योजना से भी नहीं मिल रहा ग्रामीणों को पानी" शीर्षक से टैग की गयी खबर का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद हरदोई के विकास खण्ड साण्डी में पेयजल योजनान्तर्गतं कराये जा रहे कार्यों से सम्बन्धित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनियर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:-

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | सांडी क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल योजना' पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन ये योजनाएं ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं।<br>सांडी विकास खंड की 65 ग्राम | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड साण्डी में कुल 36 पेयजल योजनाएं (फेज-2 और फेज-3 में 34) स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत 38 नग पम्प हाउस, 38 नग ओ0एच0टी0, 37 नग सोलर पैनल, 38 नग बाउण्ड्रीबॉल एवं 635.1 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 37 नग पम्प हाउस, 32 नग ओ0एच0टी0, 37 नग सोलर पैनल, 38 नग बाउण्ड्रीबॉल एवं 626.623 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य |

| | | |
|---|---|---|
| | पंचायतों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत 34 पानी की टंकियां बनवाई गई हैं। हालांकि, इनमें से कई परियोजनाएं अभी अधूरी हैं। कुछ स्थानों पर मोटरों के माध्यम से अस्थाई जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।<br><br>पाइपलाइन में लीकेज और तकनीकी खराबी के कारण कई मजरों तक इन टंकियों से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। आदमपुर के छीतेपुर, भगहर के पिपरी, बघराई के पकरा, भदार के हन्नामऊ और बरंडारी के चंदसौरा सहित कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति ठप है।<br><br>जल जीवन मिशन के अवर अभियंता संदीप शुक्ला ने बताया कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी गांवों और मजरों तक पेयजल उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। | प्रगति पर है। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि विकास खण्ड साण्डी में कुल 94 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष वर्तमान में 66 राजन्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br>*आदमपुर पेयजल योजना के बारे में अवगत कराना है योजनान्तर्गत 01 राजस्व ग्राम एवं 05 मजरे सम्मिलित है उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 1173 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 13.66 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 1173 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 13.66 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। वर्तमान में योजनान्तर्गत क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है आदमपुर के ग्राम छीतेपुर के बारे में अवगत कराना है कि ग्राम छीतेपुर में भी पेयजलापूर्ति की जा रही है।छीतेपुर के ऊचाई वाले हिस्से में लगभग 20 नग पेयजल ग्रह संयोजन में पेयजलापूर्ति बाधित थी। जिसको सुचारू रूप से शुरू करने के लिए एयर वाल्व का कार्य प्रगति पर है।<br>*भगहर ग्राम समूह पेयजल योजना के बारे में अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत 01 राजस्व ग्राम एवं 05 मजरे सम्मिलित है उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, ----- पेयजल ग्रह संयोजन एवं 13.04 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, ---- |

| | | |
|---|---|---|
| | | - पेयजल ग्रह संयोजन एवं 13.66 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। उक्त योजना में सम्मिलित मजरे पिपरी के बारे में अवगत कराना है कि वर्तमान में पिपरी ग्राम एवं योजना में सम्मिलित सभी राजस्व ग्राम एवं उसके समस्त मजरों में क्लोरीन युक्त सतत पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>*बघराई ग्राम समूह पेयजल योजना के बारे में अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत 04 राजस्व ग्राम एवं 05 मजरे सम्मिलित है उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 1052 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 16.78 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 1052 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 16.78 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। उक्त योजना में सम्मिलित मजरे पकरा के बारे में अवगत कराना है कि वर्तमान में पकरा ग्राम एवं योजना में सम्मिलित सभी राजस्व ग्राम एवं उसके समस्त मजरों में क्लोरीन युक्त सतत पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>*भदार ग्रामीण पेयजल योजना के बारे में अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत 01 राजस्व ग्राम एवं 10 मजरे सम्मिलित है उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 999 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 20.60 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग |

| | | |
|---|---|---|
| | | सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 582 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 19.69 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, एवं शेष कार्य प्रगति पर हैं उक्त योजनान्तर्गत वाटरटेस्टिंग एवं पेयजल ग्रह संयोजन का कार्य प्रगति पर है जिसे ससमय पूर्ण कर नियमित पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ कर दी जायेगी।<br><br>*बरंडारी ग्राम समूह पेयजल योजना के बारे में अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत 05 राजस्व ग्राम एवं 07 मजरे सम्मिलित है उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 1245 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 23.72 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीबॉल, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग अवर जलाशय, 1050 पेयजल ग्रह संयोजन एवं 21.88 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। शेष कार्य प्रगति पर हैं उक्त योजनान्तर्गत वाटरटेस्टिंग एवं पेयजल ग्रह संयोजन का कार्य प्रगति पर है जिसे ससमय पूर्ण कर नियमित पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ कर दी जायेगी। वर्तमान में राजस्व ग्राम बरंडारी एवं चंदसौरा में पेयजलापूर्ति की जा रही है। |

यहां यह भी अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्य मार्च, 2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है, जिन्हें निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेगें।

अतः उपरोक्त आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक - उपरोक्तानुसार।

भवदीय

**(मनीष गंगवार)**
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय, (ग्रामीण/ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, हरदोई।
5. जिला सूचना अधिकारी, हरदोई।
6. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यों को पूर्ण गुणवता एवं मानकोनुरूप शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

**अधिशासी अभियन्ता**